निबंधन एवं शर्तें
प्रमुख परामर्शदाता (एचबीवाईसी) (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

रिपोर्टिंग अधिकारी- उपायुक्त, बाल स्वास्थ्य, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

भूमिका एवं दायित्व- निम्नलिखित विषयक क्षेत्रों के संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अन्तर्गत आवास आधारित युवा परिचर्या कार्यक्रम में कार्यान्वियन को बाल स्वास्थ्य प्रभाग की सहायता करनाः

1. आवास आधारित नवजात परिचर्या कार्यक्रम (एचबीवाईसी/एचबीएनसी) के सशक्तिकरण और कार्यान्वयन विषयक क्षेत्रों को तकनीकी सहायता तथा कार्यक्रम संबंधी सहायता प्रदान करना।
2. कार्यक्रम में सुधार करने के लिए इसकी आयोजना, कार्यान्वयन और मध्यावधिक सुधार और परिणाम के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना।
3. नवजात परिचर्या के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के लिए सरकारी संस्थाओं के क्षमता निर्माण को सुकर बनाना।
4. एचबीवाईसी कार्यक्रम में सुधार लाने वाले उपकरणों तथा रोजगार सहायक पद्धतियों के उपयोग को प्रोत्साहित करना एवं सहयोग देना।
5. आवास आधारित युवा परिचर्या कार्यक्रम के संबंध में प्रचालनात्मक और तकनीकी दस्तावेजों के विकास में सहायता करना।
6. तकनीकी रिपोर्टें तैयार करने में मौजूदा दिशा-निर्देशों तथा प्रशिक्षण नियमों की समीक्षा करने तथा इनका राज्य/जिला स्तरों पर संवितरण करने में सहायता करना।
7. राज्य स्तरीय पीआईपी के मूल्यांकन में सहायता करना।
8. बाल स्वास्थ्य कार्य ढांचे के भीतर सर्वेक्षण द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य निष्पादित करना।

पात्रताः

1. जनसंख्या अध्ययन/सामाजिक कार्य/सांख्यिकी/जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर।
2. जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में न्यूनतम 7 + वर्ष का अनुभव जिसमें से राष्ट्रीय अथवा राज्य स्तरीय सरकारों में आरसीएच कार्यक्रम में 2-3 वर्ष का अनुभव हो। उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जिन्होंने राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर एनएचएम के साथ कार्य किया है।
3. भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली, प्रमुख पणधारकों और संबंधित सरकारी नीतियों/रणनीतियों विशेष तौर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जानकारी होना।
4. उत्कृष्ट संप्रेषण और प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक और अंतर्वैयक्तिक योग्यताएं। अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संप्रेषण कौशल।
5. बहु विषयक दल वाले माहौल में कार्य करने संबंधी योग्यता।
6. फील्ड स्तर पर आरसीएच प्रशिक्षण कार्यक्रम को कार्यान्वित करने में अनुभव।
7. संबंधित डाटा और दस्तावेज की खोज करने के लिए एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट एवं वेब सर्फिंग जैसे सामान्यतया उपयोग किए जाने वाले पैकेजों की उच्च स्तर की जानकारी के साथ कम्प्यूटर दक्षता।
8. निर्धारित समय-सीमा के तहत विभिन प्रकार के कार्यों को निपटाने की योग्यता।
9. तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों तथा जिलों की दौरा करने की इच्छा तथा सौंपे गए कार्यों की निर्धारित समय-सीमा के भीतर साथ-साथ सौंपे गए कार्यों को करने की योग्यता।
10. यदि कोई उच्च गुणवत्ता वाला कार्य प्रकाशित हुआ है अथवा किसी विशिष्ट संबंधित क्षेत्र में कार्य का अनुभव प्राप्त है तो औपचारिक शैक्षिक योग्यता तथा अनुभव में छूट दी जा सकती है।

आयुः आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 55 वर्ष तक तथा व्यापक क्षेत्रीय दौरों के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना।

पारिश्रमिक- 1,30,000/- से 1,50,000/- रुपए प्रति माह के बीच।

स्थानः नई दिल्ली। राज्यों और जिलों में यात्रा करने की इच्छा सहित ।

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 20-Aug-2018 तक rch.hbyc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।